## थाना पनवाडी पुलिस टीम ने जिलाबदर शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व जिला बदर शातिर अपराधियो के सत्यापन एवं उनके धरपकड़ अभियान के क्रम मे आज दिनांक 13.02.2021 को थाना पनवाडी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव द्वारा गठित टीम जिसमें व0उ0नि0 अनिरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम के द्वारा दिनाँक 23.10.2020 से 06 माह के लिये जिला बदर किये गये शातिर अपराधी प्रिन्श चौबे उर्फ कृष्णा पुत्र स्व0 वेद चौबे उम्र 23 वर्ष जो जिला बदर किये जाने के पश्चात भी कस्वा पनवाड़ी के चौबे मार्केट में मिला । जिसके द्वारा जिला बदर शर्तो का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 37/2021 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करके मां0 न्यायालय रवाना किया गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – थाना पनवाडी...।

1- व0 उ0 नि0 अनिरुद्ध प्रताप सिंह 2- उ0नि0 शेरेआलम खाँ

3. का0 रिन्कू सरोज 4. का0 अभिषेक कुमार यादव थाना पनवाड़ी महोबा

### गिरफ्तार जिला बदर अभियुक्त का विवरणः-

प्रिन्श चौबे उर्फ कृष्णा पुत्र स्व0 वेद चौबे उम्र 23 वर्ष निवासी चौबे मार्केट कस्वा व थाना पनवाडी जिला महोबा ।

### अपराधिक इतिहास-

1. NCR न. 53/18 धारा 323/504 IPC थाना पनवाडी जनपद महोबा ।
2. मु.अ.सं. 199/19 धारा 8/20 NDPS ACT अधिनियम थाना पनवाडी जनपद महोबा ।
3. मु.अ.सं. 164 /20 धारा 188/271 IPC थाना पनवाडी जनपद महोबा ।
4. मु.सि.सि.न. 13/20 धारा 3 गुण्डा अधिनियम थाना पनवाडी जनपद महोबा ।



# थाना खन्ना पुलिस टीम ने 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व उनके धरपकड़ अभियान के क्रम मे आज दिनांक 13.02.2021 को थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मिलित होकर 04 नफर वारन्टी अभियुक्तों क्रमशः 1-रामदयाल पुत्र मइयादीन 2- श्रीराम पुत्र बुद्धू 3- दयाराम पुत्र बुद्धू 4- मालती देवी पत्नी बुद्धू निवासीगण ग्राम खम्हरिया थाना खन्ना जनपद महोबा। उक्त नामित व्यक्तियों के विरुद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा क्रमशः एसटी नं. 8/21, 9/21,10/21,11/21 व मु.अ.सं. 244/19 धारा 323/504/506 भादवि में गिरफ्तारी अधिपत्र आदेश के क्रम में पुलिस हिरासत में लेकर अभियुक्तगण उपरोक्त को आवश्यक कार्यवाही कर मां0 न्यायालय महोबा भेजा गया।

## गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्तगणों का विवरणः-

1- रामदयाल पुत्र मइयादीन
2- श्रीराम पुत्र बुद्धू
3- दयाराम पुत्र बुद्धू
4- श्रीमती मालती देवी पत्नी बुद्धू

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- थाना खन्ना।

1. उ0नि0 श्री सर्वेन्द्र सचान
2. कां0 शीलेश कुमार
3. म0कां0 कामना कुशवाहा



दिनांकः- 13.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## जनपद महोबा के थानों में आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस...।

आज दिनांक 13.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर जनपद महोबा के विभिन्न थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय द्वारा थाना महोबकंठ में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह की मौजूदगी में थाना दिवस के अवसर पर आये हुये फरियादियों की शिकायतों को मौके पर सुना गया तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जो मामले अन्य विभाग के मिले उन सभी मामलों में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया तथा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना चरखारी में उ0नि0 मोबिन अली, चौकी प्रभारी कस्बा आशुतोष त्रिपाठी, थाना कुलपहाड में प्र0नि0 कुलपहाड रविन्द्र कुमार तिवारी, व0उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी, थाना पनवाडी में प्र0नि0 पनवाडी विनोद कुमार यादव, तहसीलदार कृष्णराज सिंह के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी हल्का प्रभारी व लेखपाल उपस्थित रहे जिसमें सभी फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया।











दिनांकः- 13.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत सीओ कुलपहाड व नोडल अधिकारी ने सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 13.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **“मिशन शक्ति”** महाभियान कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय की अध्यक्षता में व नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम तथा थानाध्यक्ष महोबकंठ दिनेश सिंह के साथ संविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेइया, महोबकंठ-महोबा में आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice @Uppolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।











## श्रीनगर पुलिस ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




आज दिनांक 13.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर पवा रोड ग्राम सिजहरी थाना श्रीनगर से 01 नफर अभियुक्त देवीदीन पुत्र भोला अहिरवार उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम पलका थाना कोतवाली महोबा जिला महोबा को **19 अदद क्वाटर ठेका देशी शराब नाजायज** के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. 028/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत** कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

देवीदीन पुत्र भोला अहिरवार उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम पलका थाना कोतवाली महोबा जिला महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. कां0 उपेन्द्र कुमार
2. कां0 महेशचन्द्र

## कबरई पुलिस ने गिरफ्तार किये 02 वाँछित अभियुक्त



आज दिनाँक 13.02.2021 पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 कबरई दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तगण 1. चुनुवाद बसोर पुत्र बद्री उम्र 55 वर्ष 2. नीरज उर्फ रंजीत पुत्र चुनुवाद बसोर उम्र 22 वर्ष, नि0गण ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा, सम्बन्धित **मु0अ0सं0 64/2021 धारा 308/427/323/504 भादवि** को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरणः-

1. चुनुवाद बसोर पुत्र बद्री उम्र 55 वर्ष
2. नीरज उर्फ रंजीत पुत्र चुनुवाद बसोर उम्र 22 वर्ष

नि0गण ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 राहुल कुमार पाण्डेय
2. कां0 दीपेश कुमार

## अजनर व आबकारी टीम ने 30 लीटर अवैध शराब सहित 02 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार



आज दिनाँक 13.02.2021 पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 अजनर श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित पुलिस/आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में कबूतरा डेरा ग्राम धवर्रा से अभियुक्तागण- 1. श्रीमती नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 45 वर्ष 2. श्रीमती पल्लवी पत्नी सुनील कबूतरा नि0गण कबूतरा डेरा ग्राम खोई थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से **01-01 प्लास्टिक की पिपिया में 15-15 लीटर कच्ची शराब नाजायज बरामद की गयी।** जिनके विरुद्ध थाना हाजा पर क्रमशः **मु.अ.सं. 31/2021 व 32/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।**

### गिरफ्तारशुदा अभियुक्तओं का विवरणः-

1. श्रीमती नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 45 वर्ष
2. श्रीमती पल्लवी पत्नी सुनील कबूतरा

नि0गण कबूतरा डेरा ग्राम खोई थाना अजनर महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस/आबकारी टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार प्रजापति थाना अजनर
2.का. आशीष कुमार थाना अजनर
3.आबकारी निरीक्षक श्री योगेश कुमार
4.आबकारी का0 असलम खां
5.आबकारी म.का. संगीता देवी
6. आबकारी म.का. नसीम देवी

दिनांकः- 13.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## यातायात पुलिस द्वारा गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालको को यातायात के प्रति किया गया जागरुक



आज दिनाँक 13.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात महोबा उ0नि0 अरविन्द मिश्रा द्वारा मय टीम के **"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह"** के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के तहत चार पहिया व दो पहिया वाहन चालको द्वारा राँग साइड (गलत दिशा) में वाहन चलाने पर यातायात प्रभारी मय टीम द्वारा रोककर इन्हे इसके खतरे के बारे में आगाह किया गया। उन्हे यातायात के प्रति जागरुक करते हुए सही दिशा में वाहन चलाने के प्रति जागरुक किया गया। प्रभारी यातायात ने चालको को आगाह करते हुए बताया कि **"जिन्हे जल्दी थी, वो चले गये"** । इसके साथ ही **34 ई-चालान किये गये।**







दिनांकः- 13.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल


## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्ध की चेकिंग व पूछताछ





आज दिनाँक 13.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय मय कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस बल के साथ कस्बा कुलपहाड़ के बस-स्टैण्ड/मुख्य बाजार व कोतवाली नगर मय पी0ए0सी बल के साथ नगर के सर्राफा बाजार, आल्हा चौक आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्धों से पूछताछ व चेकिंग की गई। इसके साथ ही जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान क्षेत्र के मोहल्ले/मुख्य बाजार/बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा आदि की संघन चेकिंग की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही बार्डर के थानों द्वारा बैरियर लगाकर आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई।






गुड मॉर्निंग महोबा
महोबा पुलिस
महोबा पुलिस द्वारा `गुड मॉर्निंग महोबा` अभियान के तहत पुलिस/नागरिकों के बीच "पुलिस मित्र" के रुप में बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने की अनोखी पहल है। गुड मार्निंग टीमें क्षेत्र में भ्रमण के दौरान छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया।
सोशल मीडिया सेल
दिनांक 13.02.2021